सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 177 | इंदौर, शुक्रवार 05 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## Headline

1. **Ship Hijacked: सोमालिया के तट से जहाज हाइजैक, क्रू सदस्यों में 15 भारतीय शामिल**

2. **CBSE Datesheet Revised: सीबीएसई ने बदली कक्षा 10, 12 बोर्ड परीक्षा की डेटशीट; इन पेपरों की तारीख में हुआ बदलाव**

3. **ED: TMC नेता के घर छापेमारी करने गई टीम पर हमला, गाड़ियों में तोड़फोड़; बनगांव में भी जांच एजेंसी की कार्रवाई**

4. **Adani: संपत्ति के मामले में मुकेश अंबानी से फिर आगे निकले गौतम अदाणी, बने एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति**

5. **Ayodhya Ram Mandir: बागेश्वर वाले धीरेंद्र शास्त्री ने कहा राम सबके, मंदिर और जातिवाद पर कह दी ये बड़ी बात**

6. **Jammu Kashmir : शोपियां में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी, पुलिस-सेना और सीआरपीएफ ने संभाला मोर्चा**

7. **पेशी पर बोला माफिया मुख्तार: साहब! मोतियाबिंद हो गया है, ठीक से दिखाई भी नहीं देता... इलाज करवा दें**

# इंदौर में सुबह कोहरे के साथ मौसम ठण्डा

## दिन में सर्द हवाओं की चपेट में शहर रात का तापमान भी एक डिग्री लुढ़का



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । इंदौर में पहले हफ्ते में ठण्ड ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को सुबह से लेकर शाम तक कंपकपाने वाली ठण्ड रही। इस दौरान तापमान में 6 डिग्री की गिरावट आई। 12 किमी प्रति घंटे की रफ्तार ने काफी ठिठुरन पैदा कर दी और इसका असर जनजीवन पर भी दिखा। रात का तापमान भी एक डिग्री कम हुआ है लेकिन फिर भी सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा है। शुक्रवार को भी सुबह घना कोहरा रहा और धूप गायब होकर मौसम काफी ठण्डा है। मौसम वैज्ञानिकों ने दो-तीन ऐसा ही मौसम बने रहने के आसार जताए हैं। इस दौरान बूंदाबांदी के साथ मावठे की स्थिति बन सकती है।**

बुधवार को दिन का तापमान 25.1 (+1) डिग्री तथा रात का तापमान 16 (+6) डिग्री सेल्सियस था। इसके बाद गुरवार को सुबह काफी कोहरा था। इसके साथ ही दिन में चली उत्तरी-पूर्वी तेज हवा से मौसम में काफी ठण्डक घोल दी। इस दौरान दिन का तापमान 6 डिग्री लुढ़करर 19.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इसके बाद रात को भी ठण्ड रही और तापमान 1 डिग्री कम होकर 15 (+5) सेल्सियस पर आ गया। शुक्रवार को सुबह काफी कोहरा था जिसके कारण दृश्यता 800 मीटर की ही थी। इस दौरान पूर्वी से 11 किमी प्रति घंटे की चल रही सर्द हवा से मौसम ठण्डा बना हुआ है। इसके साथ ही सुबह से बादल छाए हुए और मावठे जैसी स्थिति है।

मौसम वैज्ञानिक पीके साहा के मुताबिक मौसमी सिस्टम के कारण नमी ज्यादा आ रही है। जब ऐसी स्थिति हो तब घना कोहरा छा जाता है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर के कारण सिस्टम से ज्यादा नमी आ रही है। बारिश कराने वाली एक ट्रफ लाइन भी बनी है। इस वजह से कोहरा छा रहा है। अगले तीन दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

### ◆ भोपाल समेत आधे प्रदेश में पानी गिरा; अगले तीन दिन ऐसा ही मौसम

नए साल के पांचवें दिन शुक्रवार को भी मध्यप्रदेश में मावठा बरसा। भोपाल में सुबह चार बजे से करीब पौन घंटे तक तेज बारिश हुई। कोहरा भी रहा। विजिबिलिटी 50 से 200 मीटर रही। गुरुवार रात प्रदेश में सबसे ठंडा ग्वालियर रहा। न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री पहुंच गया। पचमढ़ी में यह 11.4 डिग्री रहा।

आज कई जिलों में 'मानसून' जैसी बारिश होने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों ने वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से अगले तीन दिन तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है।

### ◆ ग्वालियर के बाद सबसे ठंडा दतिया

प्रदेश में ग्वालियर के बाद दतिया सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम पारा 10.9 डिग्री दर्ज हुआ। उमरिया में सबसे ज्यादा न्यूनतम तापमान 15.9 दर्ज हुआ। बाकी शहरों में गुरुवार रात का टेम्प्रेचर 10 डिग्री से ऊपर और 15 डिग्री से नीचे रहा।

### ◆ आज इन जिलों में बारिश का अनुमान

भोपाल, शहडोल, सागर संभाग के साथ डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर, नीमच, इंदौर, शाजापुर, आगर-मालवा, गुना, अशोकनगर में बारिश हो सकती है।

# हड़ताल खत्म होते ही तेजी से गिरे सब्जियों के भाव

### डेढ़ सौ रु. किलो वाला टमाटर 30 रु. किलो 120 रु. किलो की मिर्च 40 रु. किलो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में हिट एण्ड रन कानून के खिलाफ **की गई हड़ताल खत्म होने के बाद सब्जियों के भावों में तेजी से गिरावट आई है। इसके पीछे खास कारण सब्जियां खराब होने के पहले उन्हें बेचना है व आवक भी अच्छी है। स्थिति यह है कि तीन दिन पहले 150 रु. किलो बिका टमाटर अब 30 रु. किलो और 120 रु. प्रति किलो वाली हरी मिर्च फिर से 40 रु. किलो के भाव पर आ गई है। इससे आमजन को राहत मिली है।**

अभी बाजार की स्थिति यह है कि सिर्फ सब्जी मंडी में नहीं बल्कि अब माल जल्द बेचने के फेर में अब विक्रेता सड़कों पर आकर भी बिक्री कर रहे हैं। खेरची विक्रेता सकोता निकम ने बताया कि धनिया 80 रु. से 100 रु. प्रति किलो हो गया था जो अब 40 रु. प्रति किलो के भाव से बिक रहा है। इसी तरह 80 रु. किलो वाला बटला 30 रु. किलो हो गया है। फूल गोभी 75 रु. किलो थी अब 40 रु. नग हो गई है।

विक्रेता मन्नू कुशवाह ने बताया कि पहले हड़ताल के कारण माल नहीं आ रहा था इसके चलते भाव का बढ़ना स्वाभाविक था। अब चूंकि भरपूर आवक है इसलिए भाव कम हुए हैं। सब्जी विक्रेता राजू ने बताया कि अदरक के भाव में कोई खास अंतर नहीं आया है। दरअसल यह काफी समय से 100 रु. किलो बिक रहा है। ऐसे में इसकी खरीदी पहले भी कम थी। हड़ताल के दौरान यह 125 रु. किलो तक बिका लेकिन अब फिर 100 रु. हो हो गया है। फलों के भाव में भी कमी आई है। 50 से 60 रु. प्रति किलो वाला पपीता भी अब 20 रु. किलो हो गया है।

विक्रेता अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि भिंडा 70 रु किलो थी जो अब 20 रु. किलो बैंगन 50 रु. किलो से घटकर 15 से 20 रु. प्रति किलो के भाव में है। इसी तरह अन्य सब्जियों के भावों में भी काफी कमी आई है। भाव कम होने से बिक्री भी ज्यादा हो रही है।

# राम का चरित्र जितना निर्दोष, सीताजी का चरित्र उतना ही पवित्र : डॉ. सुरेश्वरदास






@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राम यदि मयार्दा पुरूषोत्तम है तो सीताजी भारतीय नारी का आदर्श प्रतिबिंब। जिस दिन हर घर में राम जैसा बेटा और सीता जैसी बहू हो जाएंगे, रामराज्य स्वतः चला आएगा। राम का चरित्र जितना निर्दोष है, सीताजी का चरित्र उतना ही पवित्र और पावन। नारी का सच्चा आभूषण उसकी लज्जा होती है। धनुष यज्ञ अहंकारी राजाओं के घमंड को तोड़ने का प्रतीक है। मानस की कथा मनुष्य को निर्भयता प्रदान करती है। महापुरूष वही होते हैं, जो स्वयं की समस्या को छोडकर राष्ट्र की समस्याओं के निवारण का चिंतन करते हैं। जीवन में ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जिससे राम नाम का चिंतन छूट जाए और हमारे भजन भक्ति बिगड़ जाए।

ये दिव्य विचार हैं मानस मर्मज्ञ आचार्य डॉ. सुरेश्वरदास रामजी महाराज के, जो उन्होंने बफार्नी धाम के पीछे स्थित गणेश नगर में माता केशरबाई रघुवंशी धर्मशाला परिसर के शिव-हनुमान मंदिर की साक्षी में चल रही रामकथा में व्यक्त किए। कथा में शुक्रवार को सीता स्वयंवर प्रसंग की व्याख्या की गई। कथा शुभारंभ के पूर्व स्वामी आत्मारामदास एवं कृष्ण गोपाल भार्गव के सानिध्य में तुलसीराम-सविता रघुवंशी, पं. शैलेन्द्र जोशी, मनोज भार्गव, ज्ञानप्रकाश यादव, मोहन पाटीदार, देवकरण यादव, नारायणसिंह बघेल, गौरीशंकर मालवीय, रामसिंह राजपूत, बाबूसिंह राजपूत एवं श्यामसिंह ठाकुर सहित अनेक भक्तों ने व्यासपीठ एवं राम चरित मानस का पूजन किया। कथा के दौरान मनोहारी भजनों पर समूचा पांडाल आज भी झूमता रहा ।

संयोजक रेवतसिंह रघुवंशी ने बताया कि रामकथा का यह संगीतमय दिव्य अनुष्ठान पुष्प दंतेश्वर महादेव मंदिर एवं स्वाध्याय महिला भजन मंडली के तत्वावधान में 9 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से सायं 5 बजे तक होगा। कथा में शुक्रवार, 5 जनवरी को श्रीराम वनगमन एवं केवट प्रसंग, 6 को भरत चरित्र, 7 को पंचवटी निवास एवं शबरी चरित्र, 8 को राम-सुग्रीव मित्रता तथा मंगलवार, 9 जनवरी को रावण वध एवं रामराज्याभिषेक प्रसंगों की कथा होगी।

## राज्य रूपंकर कला पुरस्कार हेतु कलाकृतियाँ आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, संस्कृति परिषद्, द्वारा मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी-2024 का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी द्वारा ख्यातिलब्ध कलाकारों के नाम से स्थापित रूपंकर एवं ललित कलाओं के दस पुरस्कारों के लिए कलाकृतियाँ आमंत्रित की जा रही हैं। प्रत्येक पुरस्कार की राशि 51 हजार निर्धारित है। प्रदर्शनी में तीन कलाकृतियाँ मान्य की जायेगी तथा 25 से 55 वर्ष तक की आयु के कलाकार भाग ले सकेंगे। कलाकारों की मौलिक कलाकृतियाँ जो जनवरी 2022 के बाद सृजित हो मान्य की जायेगी। कला प्रदर्शनी की विवरणिका शासकीय अकादमी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कलाकृतियाँ उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी भोपाल में 15 जनवरी 2024 सायंकाल 5 बजे तक जमा होंगी। इसके पश्चात् प्राप्त होने वाली कलाकृतियाँ स्वीकार नहीं की जायेगी। अकादमी की वेबसाइट www.kalaacademymp.com/ या https://www.facebook.com/kalamitrabpl/ एवं अन्य माध्यम से डाउनलोड आवेदन विवरणिका की फोटो प्रतियों भी प्रवेश पत्र के रूप में स्वीकार की जायेगी।

### कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# सकल पंच राठौर समाज का अन्नकूट महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सकल पंच राठौर समाज का अन्नकूट महोत्सव का आयोजन 13 व 14 जनवरी को दस्तूर गार्डन में किया जाएगा।इन दो दिनी आयोजन के लिए समाजजन द्वारा स्वप्रेरणा से सहयोग किया जा रहा है। अन्नकूट महोत्सव में मातृशक्ति सम्मेलन स्वास्थ्य शिविर एवं प्रतिभा कौशल प्रतियोगिता सहित कई आयोजन किए जाएंगे। सकल पंच राठौर समाज द्वारा घर-घर निमंत्रण पत्र के साथ भोजन प्रसादी के पास वितरित करने के लिए कार्यकर्ता तन-मन से सेवा दे रहे हैं।

युवा संगठन अपने जेब खर्च की राशि से कर रहे हैं सहयोगA

सकल पंच राठौर समाज के अध्यक्ष मनोज राठौर तेली और युवा संगठन के अध्यक्ष गोविंद राठौर ने बताया कि इस आयोजन में समाज के युवा संगठन के कार्यकर्ता लक्ष्य राठौर ने भी अपने दादा स्व सुरेश राठौर से प्रेरणा लेते हुए अपने जेब खर्च से युवा संगठन को अपने पिता की घोषणा राशि के अलावा सहयोग राशि भेंट की। ऐसे ही युवा संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष लक्की राठौर ने भी अपने स्वयं के खाते से सहयोग राशि दी।

सकल पंच राठौर समाज के अध्यक्ष मनोज राठौर और युवा संगठन के अध्यक्ष गोविंद राठौर सभी समाजबंधुओं से कार्यक्रम में आने का आग्रह कर रहे हैं। महामंत्री विजय राठौर, महिला मंडल अध्यक्ष ब्रजबाला राठौर, युवती संगठन अध्यक्ष सलोनी राठौर ने बताया कि जिन समाज बंधुओं को निमंत्रण पत्र व भोजन प्रसादी के पास नहीं मिल सके वे अपने क्षेत्र के सामाजिक कार्यकतार्ओं से संपर्क कर पास प्राप्त कर सकते हैं।

## वर्ष 2023 में ई-दक्ष केंद्र में हुआ 1730 प्रतिभागियों का प्रशिक्षण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ई-दक्ष केंद्र शासन की महत्वकांक्षी परियोजना है जिसके द्वारा शासकीय सेवकों को सूचना प्रौद्योगिकी सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया जाकर इस विधा में दक्ष बनाया जाता है। इंदौर में वर्ष 2023 में ई-दक्ष केंद्र में 80 बैच में 1730 प्रतिभागियों का प्रशिक्षण संपन्न कर ई-दक्ष केंद्र ने शासन कार्य में अपनी उपयोगिता पुनः प्रमाणित कर दी है। इस दौरान साइबर सिक्यूरिटी में 28 बैच में 568 एवं लाड़ली बहना योजना में 17 बैच में 437 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। उक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्त ई-कोर्ट, अनमोल पोर्टल, आईएफएमआईएस,आधार इत्यादि के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किये गए।

# अब 15 दिन में मिलेगी 1 महीने में मिलने वाली रिपोर्ट

## प्रदेश की पहली सेंट्रल ड्रग टेस्टिंग लैब का

### ◆ 7 जनवरी को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री करेंगे शुभारंभ

**इंदौर। 7 जनवरी को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया इंदौर आएंगे। इस दिन वह प्रदेश की पहली सेंट्रल ड्रग टेस्टिंग लैब का उद्घाटन करेंगे। इंदौर में जीपीओ चौराहे के पास सीडीएससीओ के दफ्तर में यह लैब शुरू होगी। यह लैब दवा कंपनियों द्वारा बनाई जाने वाली ड्रग की प्रदेश की पहली और देश की 8 टेस्टिंग लैब है। वहीं लैब के शुरू होने के बाद प्रदेश की लगभग 200 फार्मा कंपनियों को सीधा फायदा होगा। इन कंपनियों को अभी अपने ड्रग टेस्टिंग की जो रिपोर्ट 1 महीने में मिलती थी वह अब 15 दिन में ही मिल जाएगी।**




7 जनवरी को जिस लैब का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री करेंगे उस लैब में हाइटेक टेक्नोलॉजी की लगभग 20 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की मशीनें लगाई गई है। इस लैब के शुरू होने से प्रदेश की 200 से अधिक दवा कंपनियों को अपने ड्रग की टेस्टिंग के लिए अब महाराष्ट्र, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, गुवाहाटी, चंडीगढ़, कसौली और हैदराबाद की लैब के भरोसे नहीं रहना होगा। वहीं मप्र के अलावा छत्तीसगढ़, राजस्थान और गुजरात की दवा कंपनियां भी यहां अपने ड्रग की टेस्टिंग करा सकेंगी। वहीं इंदौर में शुरू हो रही इस लेब का सबसे ज्यादा फायदा इंदौर-पीथमपुर के फॉर्मा उद्योगों को होगा। बता दें कि दवाओं के सैंपल जांचने वाली प्रदेश सरकार की एक लैब भोपाल में भी है, लेकिन वहां पर ड्रग की जांच नहीं होती है। वहीं इंदौर में शुरू हो रही लैब के पहले चरण में ओरल दवाओं की टेस्टिंग की जाएगी। प्रदेश की करीब 200 दवा कंपनियों में से 100 से अधिक इंदौर-पीथमपुर में हैं। प्रदेश के दवा एक्सपोर्ट का 70 फीसदी हिस्सा इंदौर-पीथमपुर से ही जाता है। सेक्टर एक्सपर्ट के अनुसार इंदौर से हर साल 10 हजार करोड़ से अधिक की दवाएं एक्सपोर्ट होती हैं। लैब की अधिक उपयोगिता और सांसद शंकर लालवानी के प्रयासों के चलते केंद्र सरकार ने इंदौर में यह लैब शुरू की है। इंदौर की इस लैब के अलावा देश में ऐसी 7 लैब और है जो कि कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, गुवाहाटी, चंडीगढ़, कसौली और हैदराबाद में है। इन 7 लैब में देश भर की करीब 4 हजार कंपनियों में बनी दवाओं के सैंपल की जांच होती है। प्रदेश की 200 फार्मा कंपनियों को अभी अपने प्रोडक्ट जांच के लिए सैंपल मुंबई सेंट्रल लैब भेजने पड़ते है। जहां से टेस्ट रिपोर्ट आने में लगभग एक महीने का समय लगता है। वहीं इंदौर में लैब शुरू होने से दवाओं की क्वालिटी पर नजर रखने वाले सेंट्रल ड्रग स्टेंडर्ड कंट्रोल आर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) के साथ ही, प्रदेश की दवा कंपनियों को भी फायदा होगा। उनके सैंपल की जांच के बाद जल्द रिपोर्ट मिलेगी और वे अपना माल देश और विदेश में जल्द सप्लाई कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि की इंदौर में लैब शुरू होने से रिपोर्ट आने का समय 15 से 20 हो जाएगा।

# अनमोल ने मैक्सिको में किया भारत का प्रतिनिधित्व, पेंटिंग से बताई विश्व की व्यथा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। यह पहला मौका रहा जब मैक्सिको में हुए किसी महोत्सव में इंदौर के युवा कलाकार ने भाग लिया और अपनी कला के जरिए विश्व की व्यथा बयां की। आज ह्ग्लोबल वार्मिंगह्न का जो संकट दुनिया पर मंडरा रहा है, उसे इंदौर के कलाकार अनमोल माथुर ने वहां भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दर्शाया।**

दरअसल, मैक्सिको में ह्यवर्ल्ड लार्जेस्ट मोजेक पेंटिंग इन हिस्ट्रीह्न महोत्सव हुआ, जिसमें पूरी दुनिया के 10 हजार से अधिक कलाकार शामिल हुए। भारत से केवल अनमोल इस आयोजन का हिस्सा बने। यह महोत्सव संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आयोजित किया गया था। इसमें दुनियाभर के कलाकारों को ऐसी कलाकृतियां भेजना थीं, जो या तो मोजेक हो या मोजेक का आभास कराती हों। इसमें अनमोल ने डिजिटल पेंटिंग भेजी, जिसे न केवल चुना गया बल्कि प्रदर्शित भी किया गया।

### 28 देशों के कलाकारों ने प्रदर्शित की कलाकृतियां

वर्ष 2022 के दिसंबर माह में शुरू हुआ यह महोत्सव वर्ष 2023 के दिसंबर में समाप्त हुआ। आयोजन को गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया। इसमें जिन कलाकारों की कलाकृतियां शामिल की गईं, उन्हें भी यह प्रमाणपत्र दिया गया। अनमोल बताते हैं कि 28 देशों के कलाकारों द्वारा भेजी गई कलाकृतियों को मैक्सिको में प्रदर्शित किया गया। यह कलाकृतियां पनामा, बोलीविया, कोलंबिया, चिली, क्यूबा, अर्जेंटीना, इटली, पेरू, कोस्टारिका, वेनेजुएला, ब्राजील सहित अन्य देशों के कलाकारों की थी।

### पर्यावरण और नारी सशक्तीकरण को बताया

अनमोल ने बताया, भारत की ओर से मैंने फ्लूइड डिजिटल आर्ट को अपनाकर कलाकृति तैयार की थी। इसकी विशेषता यह रही कि इसमें रंगों को कुछ इस तरह लगाया जाता है कि वे बहते हुए नजर आते हैं। 15 बाय 15 फीट की इस कृति में मैंने पर्यावरण और नारी सशक्तीकरण दोनों ही विषयों को समाज के समक्ष रखा।

### चुनौतीपूर्ण था इसलिए आनंद आया

अनमोल बताते हैं, मोजेक की तरह नजर आने वाली कृति बनाने की शर्त के चलते इस विधा में कृति तैयार करना चुनौतीपूर्ण था। मैंने कांच की बोतल में बंद नारी का चित्रण करने का निर्णय लिया। मैंने यह महसूस किया कि देश-दुनिया ने भले की कितनी तरक्की कर ली हो, लेकिन आज भी कई जगह नारी की स्थिति बेहतर नजर नहीं आती। इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग को मैंने पिघलते प्लास्टिक और कटे पेड़ के माध्यम से बताने का प्रयास किया। मेरी कृति हरियाली को बचाने का संदेश भी देती है।

# आत्मनिर्भर और सशक्त महिलाओं के निर्माण में सहायक हो रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा

**इंदौर।** आजीविका मिशन के माध्यम से देश एवं प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का सिलसिला निरंतर रूप से जारी है। इसी तारतम्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंच कर महिलाओं को आजीविका मिशन से जोड़ने का प्रयास कर रही है। इंदौर में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज ग्राम नावदा पंथ पहुंची जहां आजीविका मिशन से जुड़ी रेखा यादव ने ग्राम पंचायत की सभी महिलाओं को उनकी सफलता की कहानी 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' कार्यक्रम के माध्यम से बताई। ग्राम नावदा पंथ की निवासी रेखा यादव बताती हैं कि वह वैष्णो देवी समूह की सदस्य हैं। आजीविका मिशन के माध्यम से वे स्व-सहायता समूह का हिस्सा बनी और उनके समूह



को ढाई लाख रुपए का ऋण प्राप्त हुआ। जिसके माध्यम से उन्होंने जनरल स्टोर खोला एवं सिलाई का काम भी शुरू किया। पहले वह अपने खर्चों के लिए दूसरों पर निर्भर थी, आज वह खुद एक माह में 15 से 20 हजार रूपये कमा लेती हैं। रेखा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आजीविका मिशन के माध्यम से उन्हें प्रदाय की गई सहायता के लिए धन्यवाद देती हैं और वे अन्य महिलाओं का भी आवाहन करती हैं कि वे योजना का हिस्सा बन खुद को सशक्त बनाएं और देश के विकास में अपनी भागीदारी दें।

# दिव्य कला शक्ति कार्यक्रम का आयोजन आज

इंदौर। पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र सीआरसी भोपाल के प्रभारी अधिकारी डॉ. इन्द्र भूषण कुमार ने बताया है कि इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्याल में 5 जनवरी को दिव्य कला शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन अली यावर जंग राष्ट्रीय वाक् एवं श्रवण दिव्यांगजन संस्थान, मुंबई के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत सीआरसी भोपाल द्वारा 5 जनवरी को विश्वविद्याल के ऑडिटोरियम में शाम 5 से 8 बजे तक दिव्य कला शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र राज्यों के चयनित 100 दिव्यांगजनों द्वारा गायन, नृत्य, स्टेज प्रोग्राम, सामूहिक प्रस्तुतियां एवं कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें विभिन्न दिव्यांगताओं से ग्रसित दिव्यांगजनों द्वारा एकल एवं सामूहिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी जिसकी तैयारी पिछले 3 दिनों से चल रही है। केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय और अभिकारिता मंत्रालय डॉ. वीरेंद्र कुमार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। नगरीय विकास, आवास एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव तथा सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार आईएएस श्री राजेश अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# 65 श्रद्धालु 18 दिनों के लिए 45 तीर्थो की यात्रा पर हुए प्रस्थित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सच्चिदानंद सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में परदेशीपुरा स्थित गेंदेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंग मंदिर से 65 यात्रियों को देव दर्शन तीर्थ यात्रा के लिए हरी झंडी दिखाकर सनातन संस्कृति एवं आध्यात्मिक मंच के अध्यक्ष सीए विजय गोयनका एवं सचिव निरंजन पुरोहित ने बिदाई दी। समाजसेवी ओमप्रकाश शर्मा एवं जगदीश गुप्ता विशेष अतिथि थे।**



इस तीर्थ यात्रा में सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु मेहरवाली शारदा मैया, चित्रकूट, प्रयाग, काशी विश्वनाथ, अयोध्या राम जन्मभूमि के दर्शन करते हुए बौद्ध गया, गोरखपुर, पशुपतिनाथ नेपाल, बैजनाथ धाम, कोलकाता, गंगा सागर, जगन्नाथपुरी, अमरकंटक ओंकारेश्वर होते हुए 18 दिनों बाद इंदौर लौटेंगी। इस धार्मिक यात्रा में सभी श्रद्धालु 45 तीर्थ स्थलों के दर्शन करेंगे। यात्री संयोजक सुरेश भामरे, मनोहर घोंटे, गोवर्धन बकड़िया एवं श्याम दखड़े ने प्रारंभ में तीर्थ यात्रियों एवं अतिथियों का स्वागत किया।

### नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

# नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिये ठोस प्रयास हों

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि प्रदेश के 413 नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिये ठोस कार्य-योजना बनाये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों से जुड़े अमले को नियमित वेतन मिलता रहे। इसके लिये भी प्रभावी प्रयास किये जायें। मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय आज भोपाल में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विभाग के प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई भी मौजूद थे। प्रदेश में 16 नगर पालिक निगम, 99 नगर पालिका परिषद, 298 नगर परिषद नगरीय क्षेत्र के विकास के लिये कार्यरत हैं।

नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि शहरी क्षेत्र में पर्यावरण सुधार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिये उन्होंने जन-भागीदारी के साथ नगर वन विकसित किये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में युवाओं में शैक्षणिक मदद करने के मकसद से ई-लाइब्रेरी शुरू की जा सकती है। इसकी शुरूआत प्राथमिकता के साथ प्रदेश के 4 बड़े शहर जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर और भोपाल से की जा सकती है। उन्होंने नगरीय निकायों में विभिन्न प्रकार के टेक्सों की वसूली शत-प्रतिशत रूप से किये जाने की बात भी कही। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि जबलपुर के विश्व प्रसिद्ध भेड़ाघाट से जुड़ी स्थानीय निकाय की आर्थिक मजबूती के लिये वहां पर्यटकों की सुविधा के लिये अनेक कार्य कराये जा सकते हैं। इसके लिये पर्यटन जैसे अन्य विभिन्न विभागों से समन्वय बनाकर कार्य-योजना तैयार की जाए। उन्होंने प्रदेश के अन्य प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के विकास पर भी ध्यान दिये जाने की आवश्यकता बताई। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्रों में परंपरागत व्यवसाय से और कौशल के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिये उन्हें विश्वकर्मा एवं स्वनिधि योजनाओं का लाभ दिलाया जा सकता है। बैठक में केश-शिल्पी, सफाई कामगार, सिलाई-कढ़ाई और वस्त्र प्रक्षालन आयोग की गतिविधियों की समीक्षा की गई।



### जल परिवहन की शुरूआत किये जाने की निर्देश

बैठक में मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश में जल परिवहन की अच्छी संभावना है। उन्होंने इसके लिये योजना बनाकर जल्द कार्य शुरू किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 20 परिवहन कंपनियों का गठन किया गया है। इनमें से 17 कंपनियों द्वारा बसों का संचालन किया जा रहा है। इंदौर में 80 इलेक्ट्रिक और भोपाल में 280 बसों के संचालन की कार्यवाही की जा रही है। प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई ने बताया कि नगरीय क्षेत्र निकायों के अमले को प्रशिक्षित करने के लिये सुंदर लाल पटवा राष्ट्रीय शहरी प्रशासन एवं प्रबंधन संस्थान संचालित हो रहा है। बैठक में केन्द्र की आर्थिक मदद से चलने वाली योजनाओं और आगामी 100 दिनों की कार्य-योजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि 124 नगरीय निकायों में 191 रसोई केन्द्र के माध्यम से दीनदयाल रसोई योजना संचालित हो रही है। अब तक करीब 2 करोड़ 50 लाख कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को मात्र 5 रूपये राशि पर भोजन थाली उपलब्ध कराई गयी है। बैठक में हाउसिंग बोर्ड एवं टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की गई।

# कैबिनेट की मीटिंग के अगले ही दिन जबलपुर के कलेक्टर बदले

### नरसिंहपुर की शीतला पटले बनीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** सीएम बनने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने हिसाब से प्रशासनिक जमावट कर रहे हैं। जबलपुर में समीक्षा और कैबिनेट की मीटिंग के बाद वहां के कलेक्टर को उन्होंने बदल दिया है। साथ ही नए कलेक्टर की पोस्टिंग को लेकर आदेश भी जारी हो गया है। इसके साथ ही नरसिंहपुर में भी नए कलेक्टर की तैनाती हो गई है। नरसिंहपुर में फिर से महिला आईएएस अधिकारी को कलेक्टर बनाया गया है। दरअसल, 2011 बैच के आईएएस अधिकारी सौरव कुमार सुमन अभी जबलपुर के कलेक्टर थे। उनका वहां से तबादला हो गया है। उनकी तैनाती मंत्रालय में अवर सचिव के रूप में हुई है। वहीं, 2010 के बैच आईएएस अफसर दीपक कुमार सक्सेना अब जबलपुर कलेक्टर के होंगे। वह अभी खाद्य आपूर्ति विभाग में संचालक थे। सरकार की तरफ से आदेश जारी होने के बाद वह जल्द ही कार्यभार संभालेंगे। इसके साथ ही नरसिंहपुर कलेक्टर ऋजु बाफना को शाजापुर कलेक्टर बना दिया गया है। इसके बाद 2014 बैच की आईएएस अधिकारी शीतला पटले को नरसिंहपुर का कलेक्टर बनाया गया है। वह अभी मुख्यमंत्री की उपसचिव थीं। गौरतलब है कि अभी कुछ-कुछ जगहों पर अधिकारी बदले जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर मध्य प्रदेश में अधिकारियों के तबादले होंगे। अधिकांश जगहों के कलेक्टर और एसपी बदल जाएंगे। साथ ही कुछ जिलों में लापरवाही को लेकर कलेक्टर एसपी बदले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जबलपुर के बाद ग्वालियर संभाग की समीक्षा करने वाले हैं।

# 'मैं सिर्फ ताली बजाने जाऊंगा क्या?'

### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा में जाने के सवाल पर भड़के शंकराचार्य



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश भर में उत्साह है। पीएम मोदी ने इस दिन को दिवाली की तरह मनाने की अपील की है। मध्य प्रदेश के लगभग सभी राम मंदिरों को सजाने का काम किया जा रहा है। भोपाल-इंदौर जैसे शहरों को सजाने की बात कही जा रही है। सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन तैयारियों में लगा है। इस बीच रतलाम पहुंचे ओडिशा के जगन्नाथपुरी मठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती अपने बयान को लेकर चर्चा में आ गए हैं। दरअसल उन्होंने विरोध जताते हुए कहा है कि वह 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में सम्मिलित होने अयोध्या नहीं जा रहे हैं। शंकराचार्य, रतलाम में त्रिवेणी तट पर हिंदू जागरण सम्मेलन को संबोधित करने आए थे। संबोधन के बाद उन्होंने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि, 'मेरे पद की भी गरिमा है। मोदी जी लोकार्पण करेंगे, प्रतिमा का स्पर्श करेंगे तो मैं वहां तालियां बजाकर जय-जयकार करूंगा क्या? प्रभु श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्रों के हिसाब से होनी चाहिए, ऐसे आयोजन में मैं क्यों जाऊं?' शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का यह बयान लगातार चर्चा में बना हुआ है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने इस बयान को सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

# जानवरों को मारने और काटने से धरती हो रही दूषित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन वाले जय गुरुदेव बाबा उमाकांत महाराज ने पिंगलेश्वर उज्जैन आश्रम पर आयोजित कार्यक्रम में बताया कि मैं भविष्यवाणी नहीं कर रहा, मैं आगाह कर रहा हूं। प्रकृति के नियम को खराब कर रहे हैं। धरती को गंदा करके हवा को दूषित कर रहे हैं। आगे हवा जहरीली हो जाएगी। लोगों का सांस लेना मुश्किल हो जाएगा।**

गुरुदेव ने कहा, अगर यही हाल रहा, जानवर ऐसे ही मारे काटे जाएंगे तो धरती की उपजाऊ शक्ति भी खत्म हो जाएगी। फिर कितना भी खाद डालो तो भी पैदावार लागत के हिसाब से नहीं हो पाएगी। अभी तो मिट्टी में थोड़ा तत्व मौजूद है तो ज्यादा लागत लगा रहे हो और आमदनी बढ़ाने में लगे हुए हो। जब तत्व खत्म से हो जाएंगे, तब अन्न कहां से आएगा सोचो। बाबा ने देशवासियों को संदेश देते हुए कहा कि आज सभी देशवासियों को यह बात याद रखने की जरूरत है कि सब लोग मानव धर्म का पालन करके, लोगों के अंदर मानवता लाकर के देश को विकसित करेंगे। लोगों को देश प्रेम सिखाएंगे और देश की शक्ति को हर तरह से बढ़ाएंगे। अगर आध्यात्मिक शक्ति देश की बढ़ जाए, लोग अध्यात्मिक हो जाएं तो अध्यात्म के आगे सभी चीज बौनी पड़ जाती हैं, तो क्यों न आध्यात्मिक बन जाया जाए। आध्यात्मिक बना दिया जाए। ताकी एकै साधे सब सधे, सब साधे सब जाए। एक प्रभु को प्राप्त कर लिया जाए, जो सबका सृजनगार है, सबको देता है, दूसरे देश से, दूसरे लोगों से मांगने की बजाय उस प्रभु से ही दिला दिया जाए तो कहते हैं कि जब वह देता है तो छप्पर फाड़ कर देता है और जब लेता है तो झाड़ू से बुहार कर लेता है, यह कहावत चरितार्थ किया जाए। उसी से क्यों न दिल दिया जाए। तो लोगों को ईश्वरवादी मानववादी बनाओ और आप जिनको नामदान मिल गया है, आप सुमिरन ध्यान भजन बराबर करते रहो।

# बस में फंदे पर मिली बस-मालिक के बेटे की लाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में बस मालिक के बेटे की लाश उसी की बस में फंदे पर लटकती मिली। मृतक युवक का नाम निक्की उर्फ नितिन यादव है। वह तीन दिन से लापता था। जिस बस में लाश मिली, वह करीब एक महीने से बंद हालत में खड़ी है।

घटना गुरुवार सुबह की मुरार थाना क्षेत्र के पटेल मैरिज हाल के पास की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक नितिन यादव के परिजनों का आरोप है कि उनके बेटे ने सुसाइड नहीं किया, बल्कि उसे शराब पिलाकर हत्या की गई है। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए उसके शव को फांसी के फंदे पर लटकाया गया है। एएसपी ऋषिकेश मीणा ने बताया कि गुरुवार सुबह सूचना मिली कि मुरार थाना क्षेत्र में पटेल मैरिज हॉल के पास खड़ी बस क्रमांक MP 07 P 0924 में फांसी के फंदे पर एक युवक का शव लटका हुआ है। मृतक युवक की पहचान 25 वर्षीय निक्की उर्फ नितिन यादव पुत्र अजब सिंह यादव निवासी सीपी कॉलोनी के रूप में की गई है। नितिन तीन दिन पहले सोमवार को घर पर बिना बताए निकल गया था। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। गुरुवार सुबह जब बस का कंडक्टर बस को चेक करने आया तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है, जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मृतक नितिन के चचेरे भाई अंकुश यादव ने बताया कि नितिन के बस में फांसी के फंदे पर लटके होने की सूचना बस के कंडक्टर ने मेरे चाचा जी को फोन करके दी थी।

# जन्म कुंडली के साथ सिकलसेल कार्ड का मिलान कर करें विवाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आज के दौर में सिकलसेल एनीमिया बड़ा खतरा बनते जा रहा है। इसके बचाव के लिए जन्म कुंडली के साथ सिकलसेल कार्ड का मिलान भी किया जाना चाहिए ताकि उनका बच्चा इस बीमारी का शिकार न बने। वे ग्राम बागरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकलसेल एनीमिया नामक वंशानुगत बीमारी सबसे अधिक आदिवासी समाज में है। जब पति और पत्नी दोनों इस बीमारी से पीड़ित होते है तो उनसे जन्म लेने वाला बच्चा भी इस बीमारी का शिकार बन जाता है। इसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा देश भर में 40 वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों का सिकलसेल एनीमिया कार्ड बनाया जा रहा है। युवाओं के विवाह के समय इस कार्ड का जरूर मिलान करना चाहिए, ताकि बच्चे को इस बीमारी से बचाया जा सके।

## Haryana

# हरियाणा में INLD नेता के घर ED का छापा, 5 करोड़ कैश, 5 किलो सोना और 300 कारतूस बरामद

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने गुरुवार सुबह अवैध खनन मामले में हरियाणा कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार, इंडियन नेशनल लोकदल (INLD) के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और अन्य से जुड़े 20 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी. दिलबाग सिंह इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला के समधी भी हैं. करीब 4 साल पहले दिलबाग सिंह की बेटी की शादी अभय सिंह चौटाला के बेटे अर्जुन चौटाला के साथ हुई थी. ईडी टीमों ने धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के प्रावधानों के तहत गुरुवार सुबह एक साथ सोनीपत में कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के सेक्टर-15 स्थित आवास, उनके सहयोगी सुरेश के घर, भाजपा



नेता व करनाल के पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वधवा के सेक्टर-13 स्थित आवास और यमुनानगर में इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के घर, कार्यालय व फार्म हाउस पर दबिश दी. ईडी सूत्रों ने शुक्रवार सुबह बताया कि कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार, पूर्व इनेलो विधायक दिलबाग सिंह और उनके सहयोगियों के ठिकानों से अवैध विदेशी हथियार, 300 कारतूस, 100 से अधिक शराब की बोतलें और 5 करोड़ नकद, 4/5 किलोग्राम सोने के बिस्किट बरामद किए गए हैं. साथ ही भारत और विदेश में कई संपत्तियों के बारे में पता चला है. सुरेंद्र पंवार के आवास पर पिछले 24 घंटे से ईडी की छापेमारी जारी है. ईडी के अधिकारी अवैध खनन व ई रवाना स्कैम से जुड़े मामले में कांग्रेसी विधायक से जानकारी जुटा रहे हैं.

## New Delhi

# सेक्स की इच्छा कंट्रोल करने की सलाह देना गलत, कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर बोला सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले की कड़ी आलोचना की, जिसमें यह टिप्पणी की गई थी कि 'किशोरियों को अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए और दो मिनट के सुख के लिए उसे खुद को समर्पित नहीं करना चाहिए।' शीर्ष अदालत ने कहा कि 'न केवल हाईकोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियां 'समस्याग्रस्त' है बल्कि फैसले में लागू कानूनी सिद्धांत भी सवालों के घेरे में है।'

जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइंया की पीठ हाईकोर्ट के फैसले पर स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। जस्टिस ओका ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि निचली अदालत द्वारा आरोपी को दोषी ठहराने के फैसले को हाईकोर्ट द्वारा पलट दिए जाने के आधार संदिग्ध प्रतीत होते हैं, हालांकि उन्होंने कहा कि यह मुद्दा उसके समक्ष नहीं है। दूसरी ओर मामले की सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार ने पीठ को बताया कि उसने हाईकोर्ट के 18 अक्टूबर, 2023 के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील दाखिल की है। सरकार की ओर से अधिवक्ता हुजैफा अहमदी ने पीठ से कहा कि सरकार की ओर से दाखिल अपील अन्य पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई है। पीठ ने कहा कि स्वतः संज्ञान वाली रिट याचिका और राज्य सरकार द्वारा दायर अपील की सुनवाई साथ में की जाएगी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कई निष्कर्षों को अदालत के रिकार्ड में रखा गया है, ये अवधारणाएं कहां से आई है, हम नहीं जानते। लेकिन हम इससे निपटना चाहते हैं। हमें आपकी सहायता की जरूरत है।' इसके साथ ही, पीठ ने रजिस्ट्री को स्वतः संज्ञान वाली रिट याचिका और राज्य सरकार द्वारा दाखिल विशेष अनुमति याचिका को मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी लेने के बाद 12 जनवरी को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है।

## Noida

# 1 KG मारिजुआना लेकर स्कूल के पास बेच रहीं थीं दो महिला ड्रग पेडलर, नोएडा पुलिस ने रेड मारकर किया गिरफ्तार

**नोएडा, (एजेंसी) पुलिस जिले में नशीले पदार्थों को सप्लाई करने वाले लोगों पर लगातार कार्रवाई कर रही है. अब गुरुवार को पुलिस टीम ने एक स्कूल के पास से दो महिलाओं को नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है. पुलिस ने महिलाओं के पास से अधिक मात्रा में मारिजुआना बरामद हुआ है.**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि नोएडा के बिसरख पुलिस ने नया हैबतपुर गांव में एक निजी स्कूल के पास महिलाओं को मादक पदार्थ के साथ पकड़ा है. गिरफ्तार की गई महिलाओं की पहचान 30 वर्षीय कमला और 35 वर्षीय रोशना के रूप में हुई है. दोनों नोएडा की ही स्थानीय निवासी हैं. महिलाओं के पास से पुलिस टीम को एक किलोग्राम से अधिक मारिजुआना बरामद किया है.

अधिकारी ने कहा कि गिफ्तार की दोनों महिलाओं के खिलाफ बिसरख पुलिस स्टेशन में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (NDPS) एक्ट की धाराओं के तहत FIR दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

## Uttarpradesh

# एसटीएफ ने मुठभेड़ में माफिया विनोद उपाध्याय को किया ढेर, सिर पर था एक लाख रुपये का इनाम

**लखनऊ, (एजेंसी) यूपी एसटीफ ने गोरखपुर के कुख्यात माफिया विनोद उपाध्याय को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात सुल्तानपुर में एसटीफ और माफिया के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें पुलिस की जवाबी कार्रवाई में माफिया ढेर हो गया। विनोद उपाध्याय के सिर गोरखपुर पुलिस ने एक लाख रुपये इनाम की घोषणा की थी। पुलिस को उसकी जमीन कब्जाने, हत्या और हत्या के प्रयास समेत कई मामलों में तलाश थी।**

विनोद उपाध्याय पुत्र रामकुमार उपाध्याय मूल रूप से मयाबाजार थाना महाराजगंज, अयोध्या का रहने वाला था। अपराध की दुनिया का बड़ा नाम और उत्तर प्रदेश के टॉप 61 माफिया की सूची में शामिल माफिया विनोद कुमार उपाध्याय पर एडीजी जोन गोरखपुर ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। गुरुवार की रात बदमाश विनोद उपाध्याय और एसटीएफ के मध्य सुल्तानपुर के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई।

जिसमें विनोद उपाध्याय गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अभियुक्त विनोद के ऊपर कुल 35 मुकदमें विभिन्न जनपदों के भिन्न-भिन्न थानों में दर्ज हैं, जिसमें हत्या व हत्या के प्रयास के कई मुकदमें भी शामिल हैं। प्रदेश के बड़े माफियाओं में विनोद उपाध्याय का नाम शामिल था। पुलिस अन्य विधिक कार्यवाही में जुटी है।

## खेल

# 107 ओवर चला इतिहास का सबसे छोटा टेस्ट मैच, भारत सात विकेट से जीता, 92 साल पुराना रिकॉर्ड धवस्त

**केपटाउन। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच टीम इंडिया ने सात विकेट से अपने नाम किया। इस मैच में जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज 1-1 से ड्रॉ करा ली। सीरीज का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका ने पारी और 32 रन से जीता था। इस मैच में जीत के साथ ही रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका में सीरीज ड्रॉ कराने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बन गए। इससे पहले 2011 में महेंद्र सिंह धोनी ने अफ्रीका में सीरीज ड्रॉ कराई थी। भारत ने 31 साल के इतिहास में पहली बार केपटाउन में कोई टेस्ट मैच जीता है।**

यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे छोटा मैच रहा, जिसमें कोई टीम विजेता साबित हुई। यह मुकाबला सिर्फ 107 ओवर में खत्म हो गया। इसका मतलब है कि इस मुकाबले में सिर्फ 642 मान्य गेंदें (नो और वाइड बॉल को छोड़कर) की गईं। इससे



पहले 1932 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मैच 109.2 ओवर में खत्म हो गया था। यह मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीता था।

अपना अंतिम टेस्ट मैच खेल रहे डीन एल्गर ने जब टॉस जीतकर बल्लेबाजी को चुना तो उन्हें भी नहीं मालूम था कि यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए बड़ी मुसीबत बनने जा रहा है। यहां तक भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी कहा कि अगर वह टॉस जीतते तो पहले बल्लेबाजी को चुनते। सिराज ने अपने दूसरे ओवर की दूसरी ही गेंद पर मार्करम (2) को स्लिप में कैच कराया। अगले ओवर में उन्होंने एल्गर (4) को बोल्ड कर दिया। 15 रन के अंदर द. अफ्रीका ने 4 विकेट खो दिए। बेडिंघम (12) और वेरेने (15) ने 19 रन जोड़े, लेकिन सिराज ने इन दोनों को भी आउट कर दिया। शार्दुल की जगह खेलने आए मुकेश कुमार और बुमराह ने लंच से पहले ही प्रथम टेस्ट में पारी और 32 रन से जीतने वाली अफ्रीकी पारी 55 पर समाप्त कर दी।

**एल्गर ने खेली अंतिम पारी, कोहली ने लगाया गले-**
द. अफ्रीका को दिन में दूसरी बार बल्लेबाजी करने का मौका मिला और कप्तान डीन एल्गर का पहले ही दिन बतौर बल्लेबाज टेस्ट कॅरिअर समाप्त हो गए। एल्गर और मार्करम ने दूसरी पारी में अच्छी शुरुआत दी। दोनों ने 37 रन जोड़े, लेकिन एल्गर 12 रन बनाने के बाद मुकेश की गेंद पर कोहली को कैच दे बैठे। सुबह उन्होंने 4 रन बनाए थे। पवेलियन लौटते वक्त एल्गर को कोहली ने गले लगाया। ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों ने उनकी पीठ ठोकी। पूरा स्टेडियम और द. अफ्रीकी ड्रेसिंग रूम उनके अभिवादन में खड़ा हो गया।

मैच की दूसरी पारी में भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने छह विकेट झटके। उनके अलावा मुकेश कुमार को दो विकेट मिले। सिराज और कृष्णा के हाथ एक-एक सफलता लगी। बुमराह ने छह विकेट लेने के साथ कई रिकॉर्ड बनाए। वह अफ्रीकी धरती पर तीन बार पांच विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बने। उनसे पहले जवागल श्रीनाथ ने ऐसा किया था।

## सिनेमा

# प्रधानमंत्री मोदी का दिल छू गया जुबिन नौटियाल का राम भजन, सोशल मीडिया पर किया शेयर



जुबिन नौटियाल और पावल देव की मखमली आवाज से सजा राम भजन 'मेरे घर राम आये हैं' आजकल खूब सुना जा रहा है. अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में अब केवल कुछ ही दिन बचे हैं और इस खास मौके के इंतजार में देशभर का माहौल राममय होता जा रहा है. ऐसे में भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबा जुबिन का भजन जबरदस्त पॉपुलर हो रहा है. इस भजन में उनके साथ पायल देव की भी आवाज है और इसके बोल लिखे हैं गीतकार मनोज मुंतशिर ने.

इस गीत की लोकप्रियता का जादू ऐसा है कि अब प्रधानमंत्री मोदी पर भी इसकी धुन का जादू हो गया है. प्रधानमंत्री के ऑफिशियल हैंडल से, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर किया गया है, जिसमें इस भजन की प्रशंसा की गई है.

पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा, 'भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के सुअवसर पर अयोध्या के साथ-साथ पूरा देश राममय हो रहा है. राम लला की भक्ति से ओतप्रोत जुबिन नौटियाल जी, पायल देव जी और मनोज मुंतशिर जी का यह स्वागत भजन दिल को छू लेने वाला है'.

## संपादकीय

# औपनिवेशिक मानसिकता बरकरार

प्रशासनिक सुधार संबंधी अनेक सुझाव समय-समय पर सरकारों को सौंपे गए, मगर उन्हें अमली जामा पहनाने का कोई गंभीर प्रयास नहीं हुआ। इसी का नतीजा है कि सत्तापक्ष अपनी मंशा के अनुरूप नौकरशाही का इस्तेमाल करता रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों में भी सत्ता से करीबी कायम कर 'लाभ' की जगहों पर पहुंचने की होड़ देखी जाती है। प्रशासनिक अधिकारियों की आम लोगों से दूरी इसीलिए बढ़ती गई है कि वे अपने ओहदे के अहंकार से बाहर निकल ही नहीं पाते। अधिकारी प्रायः अपने आसपास आतंक का ऐसा घेरा बनाए रहते हैं कि लोग उन तक सामान्य तरीके से पहुंच ही नहीं पाते। अगर किन्हीं स्थितियों में वे आम लोगों के बीच घिर जाते हैं या मजबूरी में उन्हें उनके बीच जाना पड़ता है, तब भी उनकी कोशिश यही रहती है कि उनके रुतबे का दबदबा कायम रहे। दो दिन पहले ट्रक चालकों की हड़ताल के समय मध्यप्रदेश में शाजापुर के जिलाधिकारी ने भी इसी प्रवृत्ति के चलते अपनी हनक दिखाते हुए चालकों की 'औकात' पर सवाल खड़े कर दिए। इसे लेकर खासा बवाल हुआ। अच्छी बात है कि राज्य के मुख्यमंत्री ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल जिलाधिकारी को वहां से हटा दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अधिकारियों से ऐसी भाषा की अपेक्षा नहीं करती और न बर्दाश्त कर सकती है। न जाने दूसरे अधिकारियों ने इस प्रकरण से क्या सबक लिया है। मगर इससे एक बार फिर यह सवाल गाढ़ा हुआ है कि लोकसेवक आखिर कब लोक की सेवा का अपना कर्तव्य समझे और आम लोगों से तालमेल बिठा कर अपने सामाजिक कल्याण के दायित्व का निर्वाह सीखेंगे। प्रशासनिक अधिकारी आमजन और सरकार के बीच एक मजबूत कड़ी होते हैं, जो न सिर्फ सरकारी योजनाओं को सही और प्रभावी ढंग से लागू करते, बल्कि स्थानीय समस्याओं की तरफ सरकार का ध्यान भी आकर्षित करते हैं। उनसे अपेक्षा की जाती है कि लोगों के बीच रह कर उनकी समस्याओं को सुने-समझेंगे और उनके समाधान का हर संभव प्रयास करेंगे। मगर स्थिति यह है कि आजादी के बाद लोकतंत्र की स्थापना के बावजूद जिलाधिकारियों की औपनिवेशिक मानसिकता बदल नहीं पाई है। वे जनता का सेवक बन कर काम करने के बजाय शासक बन कर रहना ज्यादा पसंद करते हैं। स्थिति यह है कि अगर कोई उनके खिलाफ अंगुली उठा देता या उठाने का प्रयास करता है, तो वे उसके दमन पर उतर आते हैं।

**अर्ज़ किया है..!**

*मुद्दतें गुज़र गई,*
*हिसाब नहीं किया...*
*न जाने अब, किसके...*
*कितने रह गए हैं हम....!!!*

11-2-7-11
MORARI BAPU


सत्य-प्रेम-करुणा...

**मेरी औकात से बढ़ कर मुझे कुछ न देना... मेरे मालिक, क्योंकि रोशनी भी अगर जरूरत से ज्यादा हो, तो इन्सान को अन्धा बना देती है...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# दृष्टिबाधित बेटियां दे रहीं दूसरों को जीवनदान, स्पर्श की शक्ति के जरिए बचा रहीं जान



**नूरोनिशा और आयशा बानो की कहानी बेहद प्रेरित करने वाली है। इन दोनों बेटियों ने स्पर्श करने की शक्ति को ब्रेस्ट कैंसर के शुरुआती चरण को जांचने के लिए उपयोग में लाया। दरअसल, नूरोनिशा और आयशा बानो दोनों ही जन्म से देख नहीं सकती हैं।**

साल आते हैं और चले जाते हैं, लेकिन हर साल की एक कहानी होती है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर सकती है। ऐसी ही कुछ कहानियां भारत की महिला शक्ति ने रची है। देश की महिलाएं कई क्षेत्रों में अपना बेहतर योगदान दे रही हैं। हर महिला का अपना संघर्ष और कुछ चुनौतियां होती हैं। इन चुनौतियों और संघर्षों को पार कर जब वह सफलता की सीढ़ी चढ़ती है तो वह सफलता सिर्फ उसकी नहीं, बल्कि कई अन्य महिलाओं की भी बन जाती है।

ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी नूरोनिशा और आयशा बानो की है। इन दोनों बेटियों ने स्पर्श करने की शक्ति को ब्रेस्ट कैंसर के शुरुआती चरण को जांचने के लिए उपयोग में लाया। दरअसल, नूरोनिशा और आयशा बानो दोनों ही जन्म से देख नहीं सकती हैं।

हालांकि अपनी शारीरिक कमी को उन्होंने जीवन के मार्ग में बाधा नहीं बनने दिया और दोनों युवा महिलाएं डिस्कवरिंग हैंड्स के जरिए एनएबल इंडिया द्वारा प्रशिक्षित मेडिकल टैक्टाइल परीक्षक (एमटीई) के तौर पर कार्यरत हैं। इस कार्यक्रम की शुरुआत जर्मनी में डॉ. फ्रैंक हॉफमैन ने की थी, जिसमें नेत्रहीन व दृष्टिबाधित महिलाओं में स्तन कैंसर ट्यूमर के शुरुआती लक्षणों का पता लगाया जाता है।

इस पद्धति के माध्यम से एमटीई विशेष स्पर्श कौशल का उपयोग करके प्रारंभिक चरण में स्तन कैंसर/ ट्यूमर का पता लगा सकते हैं। एनएबल इंडिया से नूर और आयशा बेंगलुरु में साइटकेयर कैंसर अस्पताल में एमटीई के रूप में काम करती हैं। इसके अलावा पांच महिलाओं को दूसरा बैच मौजूदा समय में बेंगलुरु के साइटकेयर और अपोलो अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहा है।

## Highlights

1. Bypoll for 2 seats in Telangana Council under MLA quota
2. BJP stages protest against arrest of kar sevak in K'taka
3. Private school bus kills toddler in Hyd; parents demand justice
4. Who is Kajal Jha ₹80 Crore bungalow got sealed
5. DoT issues alert for malicious calls from international numbers

# American Tower to sell India operations to Canada's Brookfield for ₹21,000 crore

**NEW DEIHI, (Agency).** Telecom tower operator American Tower has said it would sell its India operations to an affiliate of Brookfield Asset Management for ₹21,000 crore. American Tower is an American real estate investment firm with a portfolio of nearly 2.25 lakh communications infrastructure and interconnected footprint of the United States data centre facilities. It has more than 75,000 towers in India, becoming its largest overseas business, according to its website. ATC serves all the nation's major telecom service providers.

DIT currently houses asset manage Brookfield's telecom tower businesses in India through Summit Digitel and Crest Digitel. The ATC deal is Brookfield's third telecom acquisition in the country over the last four years.

According to a statement from ATC on Thursday, total cash proceeds to American Tower at closing, subject to certain pre-closing terms,



would potentially represent up to approximately ₹21,000 crore at today's exchange rates.

"The transaction, marking the culmination of the previously announced strategic review of American Tower's operations in India, is subject to customary closing conditions, including government and regulatory approvals, and is anticipated to conclude in the second half of 2024," the statement read.

The total cash proceeds comprise an enterprise value for the ATC India operations of approximately $2.0 billion, along with a ticking fee accruing from October 1, 2023, to the closing date. The calculation of proceeds related to the enterprise value takes into account the repayment of existing intercompany debt and the repayment or assumption of the existing India term loan by DIT, it further added.

Additionally, as part of the total potential cash proceeds mentioned earlier, American Tower will retain the full economic benefit linked to the optionally converted debentures issued by Vodafone Idea and is entitled to future payments associated with existing ATC India receivables.

The proceeds from the transaction are expected to be utilised for repaying American Tower's existing indebtedness, the statement said.

# Apple stock downgraded yet again, rating slashed from 'overweight' to 'neutral'

**NEW DEIHI, (Agency).** Apple received its second straight rating downgrade of the year on Thursday, with financial services firm Piper Sandler downgrading the rating on the tech giant's stock to 'neutral' from 'overweight.'

The decision, said Piper Sandler in a note to its clients, was due to worries regarding 'tepid' demand for Apple's products,



including the iPhone. The brokerage also revised its price target on Apple's stock to $205 from $220.

"We are concerned about handset inventories entering into 1H24 and also feel that growth rates have peaked for unit sales...deteriorating macro environment in China could also weigh on the handset business," Harsh Kumar, MD and senior research analyst, Piper Sandler, explained in the note.

# दहेज में मांगे सवा करोड़ रुपए और कार

## चार महिलाएं हुई दहेज प्रताड़ना की शिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दहेज प्रताडऩा के चार मामले सामने आए हैं। इसमें छतरपुर के ससुराल वालों ने डाक्टर बहू से दहेज में कार एवं सवा करोड़ रुपए नगदी मांगे। एक बहू से ससुराल वालों ने दहेज में 10 लाख रुपए की एफडी की मांग की। भोपाल के ससुराल वालों ने गाड़ी को लेकर बहू को प्रताड़ित किया। महिला थाने में दहेज प्रताडऩा के तीन और देपालपुर थाने में एक केस दर्ज हुआ है।**

### डाक्टर बहू को छतरपुर में प्रताडना

ओल्ड पलासिया में रहने वाली डाक्टर निधि ओझा ने महिला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी शादी छतरपुर के हर्ष द्विवेदी के साथ हुई थी। शादी के बाद पति हर्ष और ससुर हरिशंकर द्विवेदी उसे दहेज में सवा करोड़ रुपए नगद एवं कार मांग रहे थे। उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन उसके बाद भी उन्होंने प्रताडित करना बंद नहीं किया। उसके बाद डा निधि ओझा ने महिला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी पति हर्ष द्विवेदी और ससुर हरिशंकर द्विवेदी के खिलाफ दहेज प्रताडऩा का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### दहेज में मांगी 10 लाख की एफडी

दहेज प्रताडऩा के दूसरे मामले में बहू से दहेज में 10 लाख रुपए की एफडी मांगने वाले ससुराल वालों पर भी पुलिस ने दहेज प्रताडऩा का केस दर्ज किया है। नयापुरा में रहने वाली शिवानी की शादी मेघदूत नगर में रहने वाले विनय उर्फ योगेश के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज को लेकर प्रताडित किया जा रहा था। उसके साथ मारपीट और गाली गलौज भी की जाती थी। पति के साथ ही सास,ससुर और ननद भी उससे दहेज में 10 लाख रुपए की एफडी मांग रहे थे। शिवानी के परिजनों ने उन्हें समझाया लेकिन इसके बाद भी प्रताडऩा बंद नहीं हुई। इसके बाद शिवानी ने महिला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिवानी के पति बिनय उर्फ योगेश,सास रुकमणी,ससुर राजू पारस और ननद पूजा कुल्हारा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### गाड़ी और पैसा नहीं मिला तो छोड़ा

दहेज प्रताडऩा के तीसरे मामले में भोपाल के ससुराल वालों ने गाड़ी नहीं मिलने पर युवती को मायके लाकर छोड़ दिया और बोला कि जब तक गाड़ी और पैसा नहीं मिलेगा इसे साथ नहीं ले जाएंगे। देपालपुर में रहने वाली खालिदा का निकाह भोपाल के सोहेल खान से हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद से ही उसे नगद और गाड़ी के लिए परेशान करने लगे। ससुराल वालों की प्रताडऩा से परेशान होकर खालिदा मायके देपालपुर आ गई। इसके बाद वहां पहुंचे पति ने मायके वालों को कहा कि जब तक गाडी और पैसा नहीं दोगे,तब तक खालिदा को अपने साथ नहीं ले जाऊंगा। खालिदा की शिकायत बाद देपालपुर पुलिस ने खालिदा के पति सोहेल खान,ससुर सईद खान,सास शबनम और देवर जुबेर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### गुजरात में प्रताडित हुई इंदौर की बेटी

पवनपुरी पालदा में रहने वाली काजल उर्फ वंदना की शादी राजकोट,गुजरात के जयेश पंड्या के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही काजल को दहेज में दो लाख रुपए लाने के लिए प्रताडित किया जा रहा था। उसने कहा कि मेरे परिवार के लोग गरीब हैं वे पैसा नहीं दे सकते इसके बाद भी प्रताडऩा नहीं थमी। इसके बाद काजल महिला थाने पहुंची। पुलिस ने काजल उर्फ वंदना की शिकायत पर उसके पति जयेश पंड्या और सास लक्ष्मी पंड्या के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# हत्या के चारों आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लवकुश चौराहे पर विवाद के बाद हुई हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बर्थ-डे पार्टी में झगड़ा होने के बाद उसे मौके पर पीटा था वह गाड़ी लेकर भागा तो पीछा कर रास्ते में पत्थर से हमला कर दिया। बाणगंगा पुलिस ने पवन चौहान निवासी भवानी नगर की मौत के मामले में सत्येंद्र, सागर, निखिल और लविश के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि टिगरिया बादशाह में प्रशांत के जन्मदिन की पाटी थी। इसमें आरोपियों के साथ पवन और उसके साथी अंकित एवं राहुल भी मौजूद थे। पुराने झगड़े को लेकर इनके बीच विवाद हो गया,उसके बाद आरोपियों ने इन तीनों के साथ मारपीट शुरु कर दी। बचने के लिए वे बाइक लेकर भागे लवकुश चौराहे पर उनकी गाड़ी गिर तभी पीछे आ रहे आरोपियों ने इन पर पत्थर से हमला कर दिया। हमले में पवन की मौत हो गई। अंकित एवं राहुल घायल हो गए। आरोपी निखिल और पवन के बीच पहले भी झगड़ा हो चुका है। पवन उसे चोर चोर कहकर चिढाता था। इस बात पर वो खफा रहता था। जब बर्थ-डे पार्टी में चोर वाला जिक्र हुआ तो मारपीट के बाद हत्या हो गई। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### नए साल में दो दिन में दो हत्या

नए साल का श्रीगणेश हुआ है। पहले सप्ताह ही दो दिन में दो हत्या के मामले सामने आने के बाद अब ये सवाल उठने लगा है कि इस तरह की वारदातों पर कब अंकुश लगेगा। दोनों ही मामलों में मामूली विवाद के बाद हत्या की वारदातें हुई हैं। इससे समाज भी चिंतित है। वर्तमान में युवक छोटी-छोटी बातों पर हत्या जैसा कदम उठाने लगे हैं। इन बातों के सामने आने से अब इंदौर वासी इस बात को लेकर चिंतित है कि कहीं अहिल्यानगरी क्राइम सिटी बनकर न रह जाए।

# दूसरे निकाह का विरोध करने वाले का अपहरण कर ले गया साला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** द्वारकापुरी पुलिस ने अपहरण के मामले में युवक के साले और अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ अपहरण मारपीट का केस दर्ज किया है। फरियादी की पत्नी का उसके मायके वालों ने बिना तलाक दूसरा निकाह करवा दिया था। पति ने इसका विरोध दर्ज करवाया तो साले ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसका कार में अपहरण किया। काफी देर तक कार में ही मारपीट करते रहे। इसके बाद वह जैसे-तैसे छूटा और पुलिस की शरण में पहुंचा। पुलिस को वारदात के सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

द्वारकापुरी थाने में मोह मद नईम पिता शफी कुरैशी निवासी आजाद नगर की शिकायत पर आरोपी रिजवान निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी और उसके चार साथियों के खिलाफ अपहरण और मारपीट का केस दर्ज किया गया है। नईम ने पुलिस को बताया कि रिजवान की बहन से उसने 3 साल घर से भागकर निकाह किया था। बाद में युवती को पता चला कि नईम पहले से ही शादीशुदा है तो वह मायके लौट गई। इसके बाद परिवार वालों ने उसका निकाह दिलशाद नामक युवक से करवा दिया था। नईम का कहना है कि इसका विधिवत तलाक नहीं हुआ था इसके बाद भी उसकी पत्नी का निकाह दूसरी जगह करवा दिया है। इसी बात को लेकर उसने कोर्ट में प्राइवेट कंप्लेंट लगा रखी है। इसका पता चलते ही नईम का साला रिजवान और उसके साथी लगातार नईम को कोर्ट केस वापस लेने के लिए धमका रहे हैं। चार दिन पहले नईम सुदामा नगर में अपने गैरेज पर बैठा था, तभी आरोपी रिजवान और उसके चार साथी कार से वहां पहुंचे। उन्होंने जबरदस्ती रिजवान को अगवा किया और कार में बैठा कर ले गए। उसके साथ जमकर मारपीट की और कोर्ट केस वापस लेने के लिए धमकाया। इसके बाद उसे छोड़ दिया। रिजवान लगातार मामले की शिकायत के लिए द्वारकापुरी थाने जा रहा था। जब सुनवाई नहीं हुई तो पुलिस कमिश्नर के पास पहुंचा इसके बाद मामले में केस दर्ज हुआ है।

## मोबाइल लुटेरे को रंगेहाथ पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुलिस ने एक मोबाइल लुटेरे को रंगे हाथों पकड़ा है। वह एक युवक का फोन छीन कर भाग रहा था। फरियादी ने उसका पीछा किया और दबौच लिया। जूनी इंदौर थाने में विशाल पिता दिलीप परिहार निवासी स्नेह नगर की शिकायत पर आरोपी यासिर पिता जाकिर खान निवासी ब्रुक बॉन्ड कॉलोनी के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया गया है। विशाल ने पुलिस को बताया कि वह स्नेह नगर बगीचे के हनुमान मंदिर में दर्शन कर मोबाइल पर बात करते हुए वापस अपने घर जा रहा थ तभी पीछे से एक बदमाश मोटरसाइकिल पर आया और उसके हाथ से मोबाइल छीन कर भागने लगा। विशाल ने शोर मचाया और युवक का पीछा किया तो आरोपी बदमाश घबराकर मोटरसाइकिल सहित गिर गया। विशाल और अन्य राहगीरों ने उसे पकड कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस उससे अन्य वारदात के बारे में पूछताछ कर रही है।

## दो लोगों से मोबाइल लूटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** परदेशीपुरा और सदर बाजार में बाइक सवार दो बदमाशों ने रात में मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस इस मामले में आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज जुटाने में लगी हुई है। परदेशी पुरा पुलिस के मुताबिक राज चोपड़ा निवासी नारायण सेठ का कंम्पाउंड पैदल अपनी घर की तरफ जा रहे थे। वह शनि मंदिर नंदानगर के यहां पहुंचे तो बाइक पर आए दो बदमाशों ने उनके हाथ में झपट्टा मारकर मोबाइल लूटा और फरार हो गए। इसके बाद बदमाशों ने रामबाग पुल के यहां एन जयसवाल निवासी पत्रकार कॉलोनी के साथ लूट की वारदात की। बदमाशों ने यहां भी मोबाइल झपट्टा और फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक